आईआईटी पटना और सी-डैक के मध्य हुआ एमओयू साइन

चर्चा में क्यों?

02 मई, 2023 को आईआईटी पटना में सितंबर 2023 तक सुपर कंप्यूटर स्थापित करने के लिये आईआईटी पटना और सी-डैक के बीच एमओयू साइन हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- इस एमओयू पर आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी एन सिंह और सी-डैक के महानिदेशक (डीजी) ई. मगेश ने हस्ताक्षर किया।
- नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन के तहत इस वर्ष सितंबर तक आईआईटी सुपर कंप्यूटर पावर से लैस हो जाएगा। इस सुपर कंप्यूटर को लगाने की लागत 20 करोड़ रुपये होगी।
- इस सुपर कंप्यूटर से 833 टेरा फ्लॉप या एक ट्रीलियन फ्लोटिंग प्वाइंट ऑपरेशन के साथ डेटा की गणना कर सकते हैं।
- उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से देश के नौ संस्थानों में आईआईटी पटना का चयन किया गया है।
- यह सुपर कंप्यूटर एक मील का पत्थर साबित होगा और यह विभिन्न उद्देश्यों के लिये उच्च स्तर की डेटा गणना को बढ़ाएगा।
- इसके द्वारा मौसम का पूर्वानुमान लगाने में मदद मिलेगी साथ ही इससे कृषि से लेकर बाढ़ की आशंका पर अलर्ट जारी किया जा सकेगा।
- उद्यमिता के क्षेत्र में कार्यरत युवाओं को इससे बहुत लाभ मिलेगा।
- सुपर कंप्यूटर आने से आर्टिफिशियल इंटीलजिंस, बिग डेटा, सिक्योरिटी, क्वांटम सिमुलेशन, प्रोसेस सिमुलेशन एंड ऑप्टिमाइजेशन, कंप्यूटेशनल फ्यो डायनामिक्स, वेदर मॉडलिंग, डिजास्टर रिकवरी, ड्रग डिस्कवरी, मॉलिक्यूलर डायनेमिक्स, मशीन लर्निंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में काम हो सकेगा।
- गौरतलब है कि इसका बुनियादी ढाँचा रुद्र सर्वर पर आधारित है, जिसे भारत में स्वदेशी रूप से डिजाइन, निर्मित और असेंबल किया गया है। यह आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-signed-between-iit-patna-and-c-dac